उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.09.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

थाना कबरई की पुलिस टीम ने 03 नफर अभियुक्तों को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक गतिविधियों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 15.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, बन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह कर्मचारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम पहरा के पास से 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.राजेश निषाद पुत्र राम किशोर निषाद उम्र करीब 34 वर्ष 2.सुधीर कुमार पुत्र राम किशोर निषाद उम्र करीब 22 वर्ष 3.प्रभात पटेल पुत्र स्व0 कालकाप्रसाद उम्र 21 वर्ष को पुलिस हिरासत में लिया गया इस दौरान अभियुक्तों के कब्जे से क्रमशः 01-01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01-01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। अभियुक्तों के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कबरई में क्रमशः मु0अ0सं0 254/2024, मु0अ0सं0 255/2024 व मु0अ0सं0 256/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया व अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. वरि0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा 2. उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह
3. हे0कां0 संदीप कुमार 4. हे0कां0 अरविन्द कुमार 5. हे0कां0 समीर खान
6. कां0 शैलेन्द्र सिंह 7. कां0 नन्दलाल पटेल 8. कां0 इन्द्रजीत यादव

गिरफ्तार अभियुक्तगण -

1.राजेश निषाद पुत्र राम किशोर निषाद उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम डांडा अमौली थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर, 2.सुधीर कुमार पुत्र राम किशोर निषाद उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम डांडा अमौली थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर, 3. प्रभात पटेल पुत्र स्व0 कालकाप्रसाद उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम धौसड़ थाना तिन्दबारी जनपद बाँदा

बरामद सम्पत्तिः-

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से क्रमशः 01-01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01-01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.09.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में पुलिस थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपाय के संबंध में जागरूक किया गया।

उ0प्र0 शासन की मंशानुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज-4) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक बन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 15.09.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो/शक्ति दीदी टीम द्वारा मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में शुरुआत की गई है।

महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में जनपद की एन्टीरोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बस अड्डा/ सार्वजनिक स्थानों/ प्रमुख चौराहों/ कस्बों/ प्रमुख बाजारों/ मन्दिर/ शापिंग मॉल/ बीट क्षेत्र/ ग्राम पंचायत/ वार्ड/ मोहल्लों/ स्कूल/ कालेज आदि के आस-पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता की गयी, सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो को चेतावनी दी गयी, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक किया गया और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मे उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।